* 7 9 6 4 - N *

7964-N

Seat No.________

Third Year B. A. Examination
March / April – 2006
Hindi : Paper-II
(New Course)
[निबंध]

Time : **3** Hours] [Total Marks : **100**

१ 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' में परसाईजी ने सत्ता और समाज पर व्यंग्यात्मक प्रहार किया है। विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए। १५

अथवा

१ 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' में संकलित व्यंग्य–निबंधों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। १५

२ 'बहता पानी निर्मला' निबंध का सार लिखकर उसकी विशेषता बताइए। १५

अथवा

२ आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का संक्षिप्त परिचय देते हुए 'मध्ययुगीन भारतीय संस्कृति और हिन्दी' की मुख्य विशेषताएँ बताइए। १५

३ स–सन्दर्भ व्याख्या कीजिए : (किन्हीं **तीन**) ३०

(अ) ''सर्जना की प्रक्रिया खण्ड–प्रक्रिया नहीं हो सकती है – निर्माण खण्डशः हो सकता है, किन्तु सृष्टि चेतना की अखण्ड स्थिति में ही हो सकती है और एक अखण्ड इकाई के रूप में ही हो सकती है ।''

(ब) ''संतोष की बात इतनी ही है कि भारत में ऊपर चाहे जो हो, भीतर एक दूसरी ही शक्ति का प्रवाह है जो मनुष्य को सृष्टि से ऊँचा बनाने पर बल नहीं देती, बल्कि मनुष्य को सृष्टि के साथ एकरस बनाने में ही उसका गौरव मानती है ।''

(ग) ''धरती की विरासत संभालना आसान नहीं, उस विरासत के असंख्य साझीदारों को मिलाये बिना तुम घर के कर्ता नहीं बन सकते ।''

(घ) ''किसी परिमित धर्म के कल्याण से सम्बन्ध रखनेवाले धर्म की अपेक्षा विस्तृत जनसमूह के कल्याण से संबंध रखनेवाला धर्म उच्च कोटि का है । धर्म की उच्चता लक्ष्य के व्यायकत्व के अनुसार समझी जाती है ।''

४ किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के **चार** या **पाँच** वाक्यों में उत्तर दीजिए : २०

(१) साहित्य के स्तर की रक्षा कैसे हो सकती है ?

(२) भक्तिन के स्वभाव में क्या–क्या दुर्बलताएँ थी ?

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

(३) परसाईजी के अनुसार निंदा टॉनिक का काम कैसे करती है ?
(४) नेपाली क्रांति कैसे और कब सफल हुई ?
(५) राम और आज के नये मनुष्य के निर्वासन में क्या अंतर है ?
(६) मध्ययुग में 'खसम' शब्द का प्रयोग किन–किन अर्थो में हुआ है ?
(७) अज्ञेय जी की भाषा–शैली की प्रधान विशेषता क्या है ?
(८) दिव्यात्मा भरत ने अपनी माता को कटुवचन क्यों कहे ?

५ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए : १०
(१) अरबी भाषा में 'खसम' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ।
(२) 'आँगन का पंछी' निबंध के लेखक कौन हैं ?
(३) भक्तिन का मूल नाम क्या था ?
(४) गौरेया के बारे में हमारे यहाँ कैसी मान्यता है ?
(५) 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' में फिल्म–विषयक व्यंग्यों के शीर्षक बताइए ।
(६) नेपाल की क्रांति के केन्द्रीय स्थल का नाम क्या था ?
(७) नयी किस्म का कमल कब खिलता है ?
(८) कुबेरनाथ राय के निबंध का शीर्षक क्या है ?
(९) सच्चा वैष्णव कैसा होता है ?
(१०) 'राघव करुणो रसः' किस प्रकार का निबंध है ?

(ब) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : १०
(१) गोस्वामीजी के मानस के राम पूर्ण ____________ है ।
(सत्यस्वरूप, धर्मस्वरूप, आत्मस्वरूप)
(२) राम ____________ चक्र से प्रतिबद्ध थे ।
(ऋतु, ऋत, ऋषि)
(३) परसाईजी के अनुसार गणतंत्र दिवस ____________ है ।
(सिसकता, ठिठुरता, बिछुडता)
(४) समाजवादी को ____________ ही रोके हुए हैं ।
(त्रासवादी, समाजबादी, गाँधीवादी)
(५) संत बड़ा ____________ होता है ।
(दयालु, कांइया, नम्र)
(६) नेपाल की क्रांति ____________ ई. में सफल हुई थी ।
(१९५२, १९५१, १९५३)
(७) सेवक धर्म के पालन में भक्तिन ____________ से स्पर्धा करनेवाली थी । (श्रवण, हनुमानजी, लक्ष्मण)
(८) गौरेया पक्षियों में ____________ हैं । (क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य)
(९) वैष्णव लहसून को ____________ कहते हैं ।
(राम–लड्डू, राम–जावा, राम–जाबुन)
(१०) स्त्री–संबंधी निंदा में ____________ बड़ी मात्रा में होता है ।
(विटामीन, प्रोटीन, केलसियम)

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com